# इटावा पुलिस

## सराहनीय कार्य

**#CRACKDOWN**

**#इटावा पुलिस एवं बदमाश के बीच मुठभेड़** **दिनांक 16.08.2026**

- **चोरी एवं पुलिस मुठभेड़ की घटना में वांछित 01 अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार,**
- **कब्जे 01 अवैध तमन्चे 315 बोर, 02 जिंदा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 एण्ड्राइड फोन, 01 टाटा डीसीएम (घटना में प्रयुक्त) बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा श्री श्रीशचन्द्र के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी भरथना श्री रामदवन मौर्य के नेतृत्व में थाना बकेवर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 15.08.2026 को वादी जीतपाल सिंह पुत्र राकेश बाबू निवासी लोहिया नगर थाना बकेवर जनपद इटावा द्वारा थाना बकेवर पर लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 14.08.2026 की रात्रि को मेरे निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोरो द्वारा लगभग 1.25 कुन्तल लोहे का सरिया चोरी कर लिया गया है। जिसके संबंध में **थाना बकेवर पर मु0अ0सं0 239/2026 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

**नोटः- दिनांक 15.08.2026 को संदीप उर्फ कल्लू पुत्र रोशनलाल, नईमुद्दीन उर्फ नईम पुत्र निजामुद्दीन, अशोक कुमार पुत्र छोटेलाल को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।**

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वारंटी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 16.08.2026 को थाना बकेवर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत लुधियानी से निवाडी कलां जाने वाले मार्ग पर लालाराम इण्टर कालेज के तिराहे के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान निवाडी कला की ओर से 01 टाटा डीसीएम आती हुयी दिखायी दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो डीसीएम चालक द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर भागने लगा। थाना बकेवर पुलिस द्वारा तत्काल जरिये दूरभाष द्वितीय मोबाइल को कराया गया। डीसीएम सवार बदमाश द्वारा अपने आप को दोनो तरफ से घिरता देख डीसीएस को कच्चे रास्ते मे उतार कर झाड़ी की आड लेकर पुलिस टीम पर पुनः जान से मारने की नीयत से फायर करने लगा। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबावी फायरिंग की गयी। जिसमें अभियुक्त के बांये पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया।

**घटना में प्रयुक्त टीटी डीसीएम को एमवी एक्ट की धारा 207 में सीज किया गया।**

**पुलिस पूछताछः-**

पकडे गये अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे 01 अवैध तमन्चे 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 एण्ड्राइड फोन, 01 टाटा डीसीएम बरामद।

उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बकेवर पर **मु0अ0सं0 242/2026 धारा 109(1) (पु0मु0) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट** पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सोनू पुत्र कन्हई सिंह निवासी पुरवा फकीरे थाना सहायल,जनपद औरैया उम्र करीब 27 वर्ष।

**आपराधिक इतिहासः-**

**सोनू पुत्र कन्हई सिंह**

1. मु0अ0सं0 153/2018 धारा 302/34/398 भादवि थाना-बैदपुरा,जनपद-इटावा।
2. मु0अ0सं0 154/2018 धारा 10/12 डकैती प्रभावी क्षेत्र अधि0, थाना-बैदपुरा,जनपद-इटावा।
3. मु0अ0सं0 158/2018 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना-बैदपुरा,जनपद-इटावा।
4. मु0अ0सं0 003/2019 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट,थाना-बैदपुरा,जनपद-इटावा।
5. मु0अ0सं0 110/2011 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट,थाना-जीआरपी,जनपद-इटावा।
6. मु0अ0सं0 239/2026 धारा 303(2) बीएऩएस,थाना-बकेवर,जनपद-इटावा **(वांछित)**।
7. मु0अ0सं0 240/2026 धारा 109(1)/61(2) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना-बकेवर,जनपद-इटावा **(वांछित)**।
8. मु0अ0सं0 242/2026 धारा 109(1) (पु0मु0) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बकेवर जनपद इटावा।

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0 242/2026 धारा 109(1) (पु0मु0) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बकेवर जनपद इटावा।

**बरामदगीः-**

1. 01 अवैध तमन्चे 315 बोर
2. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर
3. 02 खोखा कारतूस 315 बोर
4. 01 एण्ड्राइड फोन
5. 01 टाटा डीसीएम **(घटना में प्रयुक्त)**

**पुलिस टीमः-** थानाध्यक्ष श्री विपिन मलिक थाना बकेवर मय टीम।